## प्रारूप अधिसूचना

और, बीर गुरदयालपुरा वन्यजीव अभयारण्य, 620.53 हैक्टेयर में फैला पटियाला जिले का एक प्रमुख संरक्षित क्षेत्र है और यह पटियाला शहर से 45 कि.मी. की दूरी पर स्थित है और उक्त विनिर्दिष्ट इस संरक्षित क्षेत्र की अच्छी पारिस्थितिक उपयोगिता है और इसका एक सामर्थ्य यह है कि घग्घर नदी इसमें से गुजरती है ;

और, चैंपियन और सेठ के वन्य वर्गीकरण के अनुसार वन जो, समूह 5 (ख) - उत्तरी शुष्क मिश्रित पर्णपती वन प्रकार के अधीन आते हैं और जिसमें शीशम, कीकर, ढाल, बेरी, जण्ड, सिम्बल, जामुन, नीम, तूत, अर्जुन, करीर, काही, नारा, अम्ब, खजूर, करोंडा, बेम्बू आदि वृक्षों की प्रमुख प्रजातियां हैं, मुख्य रुप से गन्ध सफेदा के वृक्ष की अधिकता हो रही है ;

और, यह क्षेत्र विविध प्रकार के जानवरों और पक्षियों के भरण पोषण के लिए जाना जाता है और साही मछली, जंगली सूअर, ब्लू बुल, सियार, जंगली बिल्ली, लघुपुच्छ बंदर, पी फाइल, काले और सलेटी तीतर, ढेलहरा तोता और फाख़ता आदि प्रमुख जीव जन्तु प्रजातियां हैं ;

और, उक्त, बीर गुरदयालपुरा वन्यजीव अभयारण्य संरक्षित क्षेत्र के चारों ओर के क्षेत्र को जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट है को, पारिस्थितिकीय और पर्यावरणीय दृष्टि से पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के रूप में संरक्षित और सुरक्षित करना आवश्यक है जिससे उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों के प्रचालन और प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध किया जा सके ।

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) के साथ पठित और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पंजाब राज्य में बीर गुरदयालपुरा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 100 मीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को बीर गुरदयालपुरा वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं–(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन 110.73 हेक्टेयर के क्षेत्र में समाविष्ट बीर गुरदयालपुरा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 100 मीटर तक विस्तारित होगा ।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन पूर्व-दक्षिण (उपाबंध I मानचित्र के बिन्दु सं. ख) की ओर 76°13'43.194'' उत्तर अंक्षाश और 30°3'9.04''पूर्व देशान्तर ; पश्चिम (उपाबंध I मानचित्र के बिन्दु सं. ङ) की ओर 30°2' 33.556'' उत्तर अंक्षाश तथा 76° 11'31.694'' पूर्व देशान्तर; उत्तर (उपाबंध I मानचित्र के बिन्दु सं. क) की ओर 30° 3'47.603''उत्तर अंक्षाश और 76° 13'11.919'' पूर्व देशान्तर और दक्षिण (उपाबंध I मानचित्र के बिन्दु सं. घ) की ओर 30° 2' 1.249'' उत्तर अंक्षाश तथा 75° 52' 32.473'' पूर्व देशान्तर से घिरा हुआ है ।

